

## एक नजर में

### लायंस क्लब सृजन द्वारा मंदिर परिसर में पौधरोपण




**सनावद, निप्र।** लायंस क्लब सनावद, सृजन के तत्वावधान में एक निजी कॉलोनी के मंदिर परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पौधों का रोपण ऐसी जगह किया गया, जहाँ उनकी देखभाल और परवरिश उचित ढंग से हो सके। इस नेक कार्य में क्लब अध्यक्ष उर्मिला जैन, संजय आर्य, जितेंद्र मौर्य, हेमेंद्र सज्जन, प्रदीप माली, विकेंद्र मोरनिया, वरुण गुर्जर सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। यह प्रयास पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### वैष्णों ग्रुप नावड़ाटोडी नें 753 अंको के साथ प्राप्त किया चौथा स्थान



**कसरावद , निप्र।** ग्राम नावड़ाटोड़ी के वैष्णों गरबा मंडल द्वारा आभापुरी में चल रही गरबा प्रतियोगिता में 753 अंको के साथ चौथा स्थान प्राप्त करने पर सभी ग्राम वासियो एवं माँ रेवा कृपा सामूहिक विवाह समिति के सदस्यों नें बधाई देते हुए बताया की समाज के बच्चों नें लगातार मेहनत की और उस परिश्रम से ही उन्हें पांचवा स्थान प्राप्त हुआ और एक लाख की ईनाम राशि मिली! जिससे पूरा मैकल केवट समाज गौरवान्वित हुआ है! इस अवसर पर मोहन केवट, महेंद्र केवट, लखन केवट, महेश केवट, संतोष केवट, अतुल केवट, अशोक केवट, सियाराम केवट, कार्तिक केवट, राज केवट, सत्येंद्र कानूनगो सभी नें बधाई दी और उज्वल भविष्य की कामना की!

### मप्र राज्य कर्मचारी संघ ने मनाया स्थापना दिवस



**खरगोन, निप्र।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ का स्थापना दिवस मंगलवार को उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान एकजुट रहकर अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और अपने कर्तव्यों का निष्ठा से निर्वहन करते हुए प्रदेश एवं राष्ट्र के विकास में योगदान देने का संकल्प लिया। समारोह का शुभारंभ भारत माता, दत्तोपंत ठेंगड़ी एवं भगवान विश्व कर्मा के चित्रों पर माल्यार्पण एवं संगठन गीत के सामूहिक गायन से हुआ। इसके उपरांत संघ के कार्यकारी अध्यक्ष विजयराय सुनहरे ने स्थापना दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला और कर्मचारियों की एकता, अधिकारों की रक्षा तथा कल्याण के लिए संघ द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यकारणी सदस्य श्रीमती भारती मालवीया दीदी ने कर्मचारियों की भूमिका को राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया तथा संघ की सक्रियता की सराहना की। उन्होंने कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु शासन स्तर पर सार्थक संवाद की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ एवं नए सदस्यों का सम्मान भी किया गया और कर्मचारियों के कल्याण हेतु नई कार्य योजना बनाई गई।

### एक लाख रूपए मूल्य के पटाखे किए जब्त



**खरगोन, निप्र।** दीपावली पूर्व ही पटाखा कारोबारी अवैध भंडारण में जुट गए है। ऐसे ही अवैध भंडारण का पर्यटन नगरी महेश्वर थाना पुलिस ने खुलासा करते हुए बड़ी मात्रा में पटाखे जब्त किए है। यह भंडारण रहवासी कॉलोनी स्थित दुकान में किया गया था, जो नियमों के विपरित होने के साथ ही बड़े हादसे का कारण भी बन सकता था। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार वार्ड क्रमांक चार महालक्ष्मी कॉलोनी में राजेश पिता रामचन्द्र जैन की दुकान पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान कार्टून में पटाखों का भंडारण पाया गया। इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब एक लाख रूपए मूल्य से अधिक के पटाखे जब्त कर राजेश जैन के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि फिलहाल प्रशासनिक स्तर पर पटाखा लायसेंस प्रक्रिया चल रही है, ऐसे में बिना लायसेंस के पटाखा भंडारण अवैध होकर रहवासी कॉलोनी में रखा गया था।

### एनटीपीसी खरगोन को फ्लाई ऐश प्रबंधन में उत्कृष्टता हेतु सीईई वेस्ट मैनेजमेंट अवार्ड 2025 प्राप्त

**खरगोन.** अपने सतत विकास प्रयासों के महत्वपूर्ण मान्यता स्वरूप, एनटीपीसी खरगोन को वेस्ट मैनेजमेंट अवार्ड्स 2025 के अंतर्गत 'IPP कोयला (500 मेगावाट से अधिक) यूनिट ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार Centre for Environment and Energy (CEE) द्वारा कोयला आधारित विद्युत संयंत्रों में फ्लाई ऐश के कुशल और पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन के लिए प्रदान किया गया। यह सम्मान भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के तकनीकी निदेशक, श्री बीरेन्द्र कुमार ठाकुर द्वारा नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। एनटीपीसी खरगोन की ओर से यह पुरस्कार श्री शैलेंद्र सिंह कुशवाहा, अभियंता (राख प्रबंधन) ने प्राप्त किया। उन्होंने संयंत्र में फ्लाई ऐश के सतत उपयोग और पर्यावरणीय मानकों के अनुपालन में उल्लेखनीय योगदान दिया है। एनटीपीसी खरगोन ने फ्लाई ऐश के निपटान और पुन: उपयोग के लिए नवीन रणनीतियाँ अपनाई हैं, जो देश के पर्यावरणीय लक्ष्यों के अनुरूप हैं और ऊर्जा क्षेत्र में परिपत्र अर्थव्यवस्था (circular economy) को बढ़ावा देती हैं।

# रूपखेड़ा में निमाड़ी कलाकारों ने बांधा समां



## शरद पूर्णिमा पर गम्मत का आयोजन हुआ

नवभारत न्यूज़

**सनावद।** शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर सनावद के रूपखेड़ा में गणगौर घाट समिति द्वारा गम्मत का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में निमाड़ी कलाकारों ने हास्य और परिहास के माध्यम से दर्शकों को रात 9.30 बजे से तड़के 3ः00 बजे तक बांधे रखा। सनावद के ग्रामीण इलाकों में गम्मत का यह दौर आज भी जीवंत है, जो निमाड़ की सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाता है। गम्मत, एक ऐसी पारंपरिक लोक कला जो धीरे-धीरे विलुप्त हो रही है, को निमाड़ क्षेत्र में आज भी सहेजा जा रहा है। इस आयोजन में रूपखेड़ा के साथ-साथ आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। पुराने समय में इस तरह के आयोजन आम थे, लेकिन आधुनिकता की चकाचौंध में अब ये कम ही देखने को मिलते हैं। फिर भी, रूपखेड़ा में आयोजित यह गम्मत निमाड़ की समृद्ध संस्कृति का प्रतीक बना। कार्यक्रम में कलाकार प्रताप, मंगलू जी और लाली डांसर ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। दर्शकों ने ठहाकों के साथ उनकी कला का आनंद लिया और नकद पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। आयोजक समिति के उपसरपंच तोताराम वर्मा ने बताया कि नवदुर्गा उत्सव समिति और गणगौर घाट समिति के सहयोग से यह आयोजन हर व्यक्ति के लिए हास्य-परिहास का अनूठा अनुभव लेकर आया। इस अवसर पर समिति के सदस्य राजेश वर्मा, गोपीचंद वर्मा, ठेकेदार राजेश माली, महेंद्र सिंह, संतोष प्रजापत, वीरेंद्र मालाकार, द्वारका वर्मा सहित पुलिस थाने से एसआई करण सिंह डाबर, आरक्षक अरुण मीणा और कोटवार मौजूद थे। यह आयोजन निमाड़ की सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने का एक सराहनीय प्रयास रहा।

## कन्या भोज व भंडारा हुआ



**बिस्टान नि प्र।** शरद पूर्णिमा पर मोठी माता मंदिर परिसर में कन्या भोज व भंडारा हुआ। तीन हज़ार से अधिक श्रद्धालुओं ने कड़ी, खिचड़ी, नुक्ती, की प्रसादी ग्रहण की सुबह माता जी का पूजन व आरती की गई 11 बजे से कन्या पूजन व भोज शुरू हुआ। मोठी माता मंदिर समिति के नारायण गुप्ता (मामा) बद्री पाटिल ने बताया कन्या पूजन व भोज कई वर्षों से चल रहा है। मोठी माता मंदिर समिति, व्यापारीगण, व नगरवासियों के सहयोग से आयोजन होता आ रहा है। अब आयोजन का स्वरूप बढ़ने लगा है।

## शरद पूर्णिमा पर आशीर्वाद कॉलोनी में कराया कन्या पूजन एवं भंडारा



**खरगोन।** शरद पूर्णिमा पर आशीर्वाद कॉलोनी में कन्या पूजन एवं सामूहिक भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। यहां देवी स्वरूप में बालिकाओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराने के साथ ही उपहार देकर आशीर्वाद लिया। कमेटी के अध्यक्ष अजय पाटीदार ने बताया कि यह आयोजन प्रतिवर्ष नवरात्र और शरद पूर्णिमा के अवसर पर किया जाता है। इसमें कॉलोनी के सभी परिवार श्रद्धा और उत्साह से भाग लेते हैं। बालिकाएं देवी का स्वरूप होती हैं, इसलिए उनके पूजन से समाज में शक्ति, शुद्धता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम में कॉलोनी के सभी महिला .पुरुष एवं बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूरे आयोजन में भक्ति, उल्लास और सामाजिक एकता का सुंदर माहौल देखने को मिला।

# राधा-कृष्ण बनकर रास रचाया, भजन और गरबे के रंग में रंगे कॉलोनीवासी

**कसरावद, निप्र।** नगर की हरसिद्धिधाम कॉलोनी में शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर भक्ति, संगीत और उल्लास से सराबोर 'शरद उत्सव' मनाया गया।

कॉलोनी के शिव मंदिर परिसर में हरसिद्धिधाम महिला मंडल द्वारा राधा-कृष्ण की आराधना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सांध्य बेला में महिला मंडल ने भजन संध्या और गरबा रास का आयोजन किया, जिसमें कॉलोनीवासी भक्ति भाव से झूम उठे। बच्चों ने राधा-कृष्ण का रूप धारण कर आकर्षक रास-गरबा प्रस्तुत किया, जिसने सभी का मन मोह लिया। रात्रि 12 बजे महाआरती के पश्चात खीर की प्रसादी वितरण किया गया।

श्रद्धालुओं ने परंपरानुसार खुले आकाश तले चाँदनी में खीर पकाई। मान्यता के अनुसार, शरद पूर्णिमा की रात में चंद्रमा की किरणों से अमृत बरसता है, अत: उसी का प्रतीक रूप में खीर प्रसाद ग्रहण किया गया। कॉलोनी में पानी की टंकी के पास भी धार्मिक भजन और गरबा का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने दूध उबालकर चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित किया और 'चंद्रकला' का आनंद लिया



## मां शरणम् गुरुकुल के दो तीरंदाज राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की टीम में खेलेंगे

**मंडलेश्वर, निप्र।** निमाड़ क्षेत्र के प्रतिभावान स्कूली खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। मां शरणम् आश्रम हाई स्कूल कवड़िया सीटोका के हरमीत सिंह ने बताया कि हाय स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा राज्य शालेय तीरंदाजी प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है इस प्रतियोगिता में नैतिक यादव ने तीसरा स्थान और हिमांशु ठाकुर ने चौथा स्थान प्राप्त किया है ये दोनों छात्र अब राष्ट्रीय शालेय तीरंदाजी प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की टीम में शामिल किए गए है संस्था के दिव्यांग छात्र कुलदीप मुवेल को शिक्षा मंत्री मध्य प्रदेश सरकार श्री इंदर सिंह परमार द्वारा सम्मानित किया गया है।

मां शरणम् आश्रम के सचिव सरबजीत सिंह सदस्य हरमीत सिंह ने राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता के लिए चयनित छात्रों नैतिक यादव और हिमांशु ठाकुर को शुभकामनाएं दी है।खेल शिक्षक पंकज सिंघाड़ ने बताया कि दोनों तीरंदाज आगामी नवंबर माह में रांची झारखंड में होने वाली राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की तीरंदाजी टीम का हिस्सा बनेंगे।दोनों विद्यार्थियों को प्रतिदिन कड़ी ट्रेनिंग दी जा रही है दोनों का प्रदर्शन निखर रहा है।



## कालका माता मंदिर में भव्य भंडारा, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी

**बड़वाह, निप्र।** शारदीय नवरात्र पर्व के अवसर पर नगर के प्रसिद्ध और प्राचीन कालका माता मंदिर में सोमवार को शुक्ल पक्ष की चौदस तिथि पर भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धाभाव से प्रसादी ग्रहण की। नवरात्र पर्व के प्रारंभ से ही मंदिर परिसर में प्रतिदिन जनकल्याण एवं विश्व शांति हेतु हवन किया जा रहा था। चतुर्दशी के दिन इस हवन का विधि-विधान से समापन हुआ। मंदिर के आचार्य दादू पंडित, पंडित लोकेश अत्रे तथा मुख्य पुजारी रमेशचंद्र जी अत्रे के सानिध्य में पूजन-अर्चन और पूर्णाहुति की गई। मंदिर में नवरात्रि पर्व पड़वा से लेकर चौदस तक बड़ी श्रद्धा और परंपरा के साथ मनाया जाता है। प्रतिदिन प्रात: एवं सायंकाल आरती, पूजन-अर्चन और माता का श्रृंगार किया जाता है। चतुर्दशी के दिन विशेष पूजा, हवन, माता के ज्वारों का विसर्जन तथा भव्य श्रृंगार किया गया।




सायंकाल माता का अलंकरण कर सवा किलो कपूर एवं 108 दीपों से महाआरती की गई, जिसके बाद रात्रि 8 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और सभी ने भक्ति भाव से प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम के अंत में कन्या पूजन कर बालिकाओं को चुनरी भेंट की गई। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि कालका माता मंदिर में शारदीय एवं चैत्र — दोनों नवरात्रों में नौ दिनों तक माता का भव्य श्रृंगार और प्रतिदिन हवन-पूजन किया जाता है। समिति ने बताया कि अब अगला जनकल्याण हवन बुधवार से पुन: प्रारंभ होगा, जिसका समापन आगामी चैत्र नवरात्रि में किया जाए।

एक नजर में — भावांतर योजना का ग्रामीण क्षेत्रों में करेगा प्रचार

# विधायक ने भावांतर भुगतान योजना प्रचार रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नवभारत न्यूज़

**खरगोन।** म.प्र. शासन द्वारा सोयाबीन उत्पादक किसानों को सोयाबीन का उचित मूल्य दिलाने के लिए खरीफ 2025 हेतु सोयाबीन पर भावांतर भुगतान योजना लागू की गई है। योजना के प्रचार-प्रसार के लिए जिला प्रशासन एवं मंडी बोर्ड भोपाल के निर्देशानुसार 07 अक्टूबर को मंडी समिति खरगोन द्वारा भावांतर भुगतान योजना के प्रचार प्रसार के लिए को रैली आयोजित की गई। इस दौरान भावांतर भुगतान योजना के जागरूकता रथ को विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री बापूसिंह परिहार, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री महेन्द्रसिंह तंवर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान रैली ने खरगोन शहर में भ्रमण किया और भावांतर योजना का प्रसार प्रसार किया। तत्पश्चात भावांतर योजना जागरूकता रथ को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया।

मंडी सचिव शर्मिला निनामा ने बताया कि भावांतर योजना का लाभ लेने के लिए किसान बंधु अपना पंजीयन निकटस्थ सहकारी समितियों, ग्राहक सेवा केंद्र अथवा एमपी ऑनलाइन या कियोस्क केंद्र पर 03 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2025 तक निर्धारित अवधि में करा सकते हैं। सोयाबीन विक्रय मंडियों/उपमंडियों में 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक किया जा सकेगा। किसानों को योजना का लाभ केवल मंडी या उपमंडी प्रांगण में विक्रय करने पर ही प्राप्त होगा। साथ ही मंडी समिति द्वारा निमाड़ की लोकप्रिय एवं प्रचलित निमाड़ी भाषा में जिले के किसानों से अपील की गई कि भावांतर योजना का लाभ लेने के लिए सभी सोयाबीन उत्पादक किसान बंधु अपना पंजीयन नियत अवधि में अवश्य कराएं और निर्धारित समय पर सोयाबीन मंडी/उपमंडी में विक्रय कर योजना का लाभ प्राप्त करें। रैली के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं भारसाधक अधिकारी मंडी समिति खरगोन श्री वीरेन्द्र कुमार कटारे, उप संचालक कृषि श्री एसएस राजपूत, कृषि विभाग एवं मंडी के अधिकारी-कर्मचारी, किसान संगठन के प्रतिनिधि, लाइसेंसी व्यापारी, तुलावटी, हम्माल आदि उपस्थित रहे।

